**फर्द अहकाम**

**अज अदालत संभागीय आयुक्त, जोधपुर**

**अर्जुनसिंह पुत्र मानसिंह वगैराह बनाम मोडसिंह पुत्र राणसिंह वगैराह**

किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 76, राज0 भू राजस्व अधिनियम अपील संख्या 886/2025

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 17.11.2025 | पत्रावली आज पेश हुई। अपीलान्ट के अधिवक्ता आज न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं है। रेस्पो0 संख्या 1, 5, 6 अधिवक्तागण उपस्थित है। अपीलान्ट के अधिवक्ता को न्यायालय हाजा में सुनवाई हेतु उपस्थित होने बाबत तीन बार आवाजे लगवाई गई परन्तु न तो अपीलान्ट्स के अधिवक्ता उपस्थित हुए और न ही अपीलान्ट स्वयं उपस्थित है। अपीलान्ट के अधिवक्ता के द्वारा अपील में शेष रेस्पोडेन्टस की तामीली कार्यवाही पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरान्त भी पूर्ण नहीं करवाई गई है। ऐसे में उक्त अपील को और विचाराधीन रखा जाना उचित नहीं रहेगा।<br><br>अतः उपरोक्त विचाराधीन अपील को अपीलान्ट्स के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में अदम पैरवी एवं अदम हाजरी में खारिज की जाती है। पत्रावली बाद निस्तारण दर्ज रजिस्टर नम्बर से कम की जावें। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड आदेशिका की प्रति सहित लौटाया जावें।<br><br>**सम्भागीय आयुक्त,**<br>**जोधपुर** | |